







## समाचार संक्षेप

### ग्राम पंचायत मृगवास में आयोजित हुआ चिन्हांकन शिविर

**चाचौड़ा।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत मृगवास में वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनो को सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 119 वृद्धजन एवं दिव्यांग जन उपस्थित हुए, शिविर में उपस्थित हितग्राहियों में से पात्रता अनुसार 73 हितग्राहियों का सहायक उपकरण हेतु चिन्हांकन हुआ। चिन्हांकन शिविर में एलिमको जबलपुर से नरेंद्र कुमार पी एंड ओ, कृष्ण गुप्ता ऑडियोलॉजिस्ट, महेंद्र कुमार पी एंड ओ एवं मुख्य कार्य पालन अधिकारी संजीत कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह किरार, सरपंच नरेंद्र कुमार बैरागी सचिव ग्राम पंचायत राधेश्याम भील ग्राम रोजगार सहायक विनोद नामदेव, जगदीश लोधा, मनोज शर्मा एवं पांचूलाल अहिरवार, राजेन्द्र मगरोर, सुदर्शन शर्मा, नीतेश साहू आदि जनपद पंचायत के कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर शिविर को सफल बनाया।



### प्रदेश के सांदीपनि स्कूलों के फर्स्ट आने वाले स्टूडेंट्स को कराई गुजरात की सैर

**आरोन।** मध्य प्रदेश के सांदीपनि विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुजरात भ्रमण पर ले जाया गया था। गुजरात भ्रमण में ग्वालियर संभाग के 47 सांदीपनि स्कूलों के 75 विद्यार्थियों को शामिल किया गया इसमें संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरखेड़ा हाट के हाई स्कूल परीक्षा में टॉप करने वाले एक छात्र तरुण अहिरवार एवं एक छात्रा कुमारी निकिता यादव भी शामिल रहे। गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के प्रत्येक सांदीपनि विद्यालय से कक्षा ग्यारहवीं में पढ़ रहे ऐसे एक छात्र एवं एक छात्रा का भ्रमण के लिए चयन किया गया। जिन्होंने कक्षा 10 में अपने स्कूल में सर्वाधिक अंक प्राप्त किए हैं दल में प्रदेश से 510 विद्यार्थी एवं 42 अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे। दल के सभी सदस्य भोपाल से भारत गौरव स्पेशल ट्रेन द्वारा 8 दिसंबर को गुजरात के लिए रवाना हुए और 15 दिसंबर को वापस लौटे हैं इन छात्र-छात्राओं को आठ दिनों में गुजरात के प्रमुख दर्शनीय एवं महत्वपूर्ण स्थलों जैसे सोमनाथ मंदिर, स्टैचू ऑफ यूनिटी, आईआईएम अहमदाबाद, आईआईटी गांधीनगर, अमूल डेयरी, गांधी आश्रम आदि घुमाया गया छात्रों के लिए यह महत्वपूर्ण अवसर था जिसमें उन्होंने अपने प्रदेश से बाहर अन्य प्रदेश की संस्कृति, कला एवं विभिन्न शैक्षणिक, दर्शनीय, स्थान का भ्रमण किया। 15 12, 2025 की सायं गुजरात भ्रमण से लौट रहे छात्रों का संस्था प्राचार्य श्री यशवंत सिंह धाकड़ एवं स्टाफ के सदस्यों द्वारा पुष्पमाला एवं पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया गया।



### हमको किसी भी पापी का साथ कभी नहीं देना चाहिए : पंडित रामसेवक शास्त्री

**आरोन।** नगर आरोन में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर कथा व्यास पंडित रामसेवक शास्त्री ने भागवत कथा के आध्यात्मिक एवं नैतिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संगम है, जिसमें जो भी श्रद्धापूर्वक डुबकी लगाता है, वह जन्म–मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है।पंडित शास्त्री ने राजा परीक्षित का उदाहरण देते हुए बताया कि जब उन्हें सातवें दिन तक्षक नाग द्वारा डसे जाने का शाप मिला, तब उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर मोक्ष की प्राप्ति की। उन्होंने कहा कि भागवत केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि भगवान का प्रत्यक्ष स्वरूप है, जो मानव को मुक्ति का मार्ग दिखाता है।



## पेंढ भरते हुए पहुंचा किसान ▷ बस स्टैंड से कलेक्ट्रोरेट तक न्याय पाने झुका माथा, घिसटी काया

- **अधिकारों के लिए 11 साल से भटक रहा किसान, चार साल से कोर्ट में अटका है मामला,**
- **कलेक्टर ने तत्काल तहसीलदार को मौके पर भेजा**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सरकारी तंत्र की उपेक्षा और न्याय में हो रहे विलंब से त्रस्त एक किसान ने आज मंगलवार को कलेक्ट्रेट में विरोध का ऐसा अनूठा तरीका अपनाया कि हर किसी की रूह काँप उठी। तहसील आरोन के ग्राम आंखखेड़ा निवासी हिम्मत सिंह अहिरवार अपने खेत पर हुए अवैध कब्जे और गलत नामांतरण के विरोध में आरोन बस स्टैंड से लेकर गुना कलेक्ट्रेट तक जमीन पर पेंढ (घिसटकर) भरते हुए पहुंचे।लगभग 11 साल पुराने इस जमीन विवाद से परेशान हिम्मत सिंह ने बताया कि उनकी कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 145/2 के एक हिस्से (0.627 रकबा) का नामांतरण वर्ष 2014 में गलत तरीके से आरोपी धनराम अहिरवार के नाम कर लिया गया है। इस जमीन को वापस पाने के लिए वह पिछले चार वर्षों से आरोन न्यायालय में भटक रहे हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा है।पेंढ भरकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान ने कहा कि न्याय न मिलने के कारण वह मानसिक रूप से टूट चुके हैं।



उन्होंने सीधे कलेक्टर से गुहार लगाई कि यदि उन्हें उनकी जमीन वापस नहीं दिलाई गई, तो उन्हें इच्छा मृत्यु की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि उनके पास विरोध जताने का यह एकमात्र रास्ता बचा था। वहीं जिला कलेक्टर किशोर कन्याल ने इस मार्मिक प्रदर्शन का तत्काल संज्ञान लिया। कलेक्टर ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है और इसकी गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार को तुरंत मौके पर भेजकर निष्पक्ष जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि न्यायालय के आदेशों और राजस्व रिकॉर्ड की गहन पड़ताल के बाद जल्द ही वैधानिक निर्णय लिया जाएगा।

### इनका कहना है

प्रकरण मेरे संज्ञान में आया है। आरोन तहसीलदार से मेरी बात हुई है। शाम तक वह जांच का प्रतिवेदन देंगे। संभवत: इस मामले में एक पक्ष की ओर से कोर्ट का फैसला भी है। दोनों पक्षों को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई करेंगे।

**- किशोर कन्याल,** कलेक्टर गुना

## नगर पालिका परिषद के द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर हटाया अतिक्रमण

# कंबल के विक्रेताओं व ईंट बेचने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर चालानी कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मंगलवार सुबह नगर पालिका परिषद गुना द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की गई।

इस दौरान बूढ़े बालाजी चांदशाहबली रोड पर आंगनबाड़ी के पास लगी गुमटियों को हटाया गया, साथ ही एबी रोड टेलिफोन एक्सचेंज के पास अवैध रूप से बैठे कंबल विक्रेताओं एवं ईंट बेचने वाले ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर चालानी कार्रवाही की गई तथा मंडी गेट के पास गुमटियों को भी हटाया गया।मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री ने बताया कि आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण विरोधी कार्रवाही की गई है।

### शिकायत प्राप्त हो रही थी

अतिक्रमण दस्ते द्वारा प्रात कार्रवाही प्रारंभ की गई। जिसमें चांदशाह बली रोड आंगनबाड़ी के पास लगी गुमटियों को हटा दिया गया है, इसकी शिकायत प्राप्त हो रही थी। इसके साथ ही टेलीफोन एक्सचेंज के पास आवागमन में बाधा बन रहे कंबल विक्रेताओं को समझाइश दी गई एवं चालानी कार्रवाई की गई।

### ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को हटाने के निर्देश दिए गए

रिलायंस पेट्रोल पंप के पास ईंट विक्रेता ट्रैक्टर-ट्रॉली पर स्पॉट फाइन किए गए। वहीं आवागमन में बाधा बन रहे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को हटाने के निर्देश दिए गए।

जिससे एबी रोड पर आवागमन सुलभ हो सके। कार्रवाही के दौरान उपयंत्री सुनील कुमार जैन, नितिन चंदेल, शिवराज सिंह सिकरवार के साथ अतिक्रमण दस्ता प्रभारी शकील खान, अमित आर्य, डिफेंस जादौन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

रोटरी अंतराष्ट्रीय के तत्वावधान में रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन का आयोजन 21-28 मार्च तक शिवपुरी में विशाल स्वास्थ शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसकी तैयारियों को लेकर संस्था के प्रांतीय एवं स्थानीय सदस्यों ने गुना कलेक्टर सभागार में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की ।आगामी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन के सचिव डॉ प्रदीप पाराशर ने बताया कि शिविर में सुपर स्पेशलिटी चिकित्सकों द्वारा मरीज़ों का उचित परामर्श एवं आवश्यकतानुसार ऑपरेशन किए जाएँगे । शिविर में ह्रदय रोग, किडनी रोग लिवर, कैंसर, फेफड़ों की बीमारी यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, सांस की बीमारी, नशा मुक्ति व मानसिक रोग के साथ ही कई बीमारियों के परामर्श व ऑपरेशन किए जाएंगे जिनमें मोतियाबिंद गर्भाशय, दंत रोग, नाक कान गला, अस्थि रोग पेट की बीमारी, चर्मरोग, कटे होंट, गाल ब्लेडर का ऑपरेशन एंजियोग्राफी एवं बच्चों की बीमारियां प्रमुख है।

शिविर में इलाज हेतु गुना, शिवपुरी और अशोकनगर में सभी स्वास्थ केंद्रों पर शिविर लगाए जाएँगे जिससे मरीज़ों की ओपीडी की जाएगी, तत्पश्चात छटनी कर शिवपुरी में उपचार किया जाएगा ।बैठक में जिला कलेक्टर किशोर कान्याल, रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन के अध्यक्ष पीडीजी भूपेंद्र जैन, सामाजिक संस्थाओं के समन्वयक पवन जैन, रोटरी क्लब गुना रॉयल के अध्यक्ष सौरभ जैन, सचिव जितेंद्र वर्मा, सत्येंद्र सक्सेना, संदीप जैन, राजेश अग्रवाल, सुरेश रघुवंशी, अभिजीत गोयल, अंकुर श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे ।

## सीएमओ यादव ने किया वार्डों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

राघोगढ़ नगर के वार्ड नं 6 हनुमान मंदिर के पीछे लंबे समय से चली आ रही सड़क पानी की समस्याओं को देखते हुए मंगलवार को नगरपालिका परिषद राघौगढ़ विजयपुर के सीएमओ तेजसिंह यादव ने नगरपालिका के वार्डों का निरीक्षण कर मौजूद समस्याओं को जाना। दरअसल, सीएमओ तेजसिंह यादव द्वारा मंगलवार को नपा के वार्ड 6 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद एजाज अहमद शेख भी मौजूद रहें। वार्डवासियों ने नपा सीएमओ तेजसिंह यादव को वार्ड में आ रही पानी व नालियों का पानी सड़कों में आने की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही, सड़कों व नालियों की लगातार सफाई को लेकर भी समस्या बताई। जिस पर सीएमओ तेजसिंह यादव ने कहाकि नपा के 24 ही वार्डों में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। वहीं पार्षदों द्वारा जो भी वार्ड की समस्याएं होंगी वह तत्काल समाधान कराया जाएगा। वार्डों पानी, सड़क सहित अन्य मूलभूत आवश्यकतओ में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। इस सीएमओ तेजसिंह यादव सहित वार्ड पार्षद एजाज अहमद शेख, ओम सेन, ठेकेदार इजरायल सैयद, अतीक खान, रिजवान शेख बलवीर सिंह बघेल वार्ड वासी उपस्थित रहेंवार्ड नंबर 6 का निरीक्षण किया मौजूद वार्ड वासियों से कहां की आपका भी दायित्व है कि आसपास साफ सफाई रहे गंदगी ना करें और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें सीएमओ तेजसिंह यादव ने कहा कि आपके वार्ड में इतना बढ़िया सामुदायिक भवन मौजूद है आप उसे भवन का अपने घर जैसा ख्याल रखें और अपनी बहन बेटियों का यहां से संबंध करें आपकी सुविधाओं के लिए नगर पालिका द्वारा बहुत बढ़िया भवन निर्माण किया गया हैही नापा राघोगढ़ द्वारा वार्ड क्रमांक 15 विजयपुर से रुठियाई मार्ग पर झाड़ियां की साफ सफाई कराई गई एवं एनएफएल रोड पालिका से रुठियाई तक झाड़ियां की सफाई कराई गई ताकि आमजन को अभागवन में कोई असुविधा न हो



### राघौगढ़ उत्कृष्ट विद्यालय के ललित वास्त्री ने जीता स्वर्ण पदक

**राघौगढ़।** अखिल भारतीय सेवा एथलेटिक्स प्रतियोगिता की लंबी कूद प्रतियोगिता में राघौगढ़ उत्कृष्ट विद्यालय के उच्च माध्यमिक शिक्षक ललित वास्त्री ने म प्र का प्र ति नि धि त्व करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस स्वर्णिम सफलता पर समस्त जिले के खेल प्रेमियों ने बधाई प्रेषित की। ज्ञातव्य हो कि यह प्रतियोगिता पटना बिहार में संपन्न हुई।



### संसद पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता, सोनिया गांधी से हुई मुलाकात

**गुना।** जिले के साधारण कांग्रेस कार्यकर्ता संसद भवन पहुँचे, जहाँ उनकी मुलाकात कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी से हुई। बीनागंज से सौरभ यादव, बीनागाँव से रोहित मीना और मानपुर से दीपक यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह के साथ संसद में सोनिया गांधी से भेंट की।इस अवसर पर सोनिया गांधी ने ग्रामीण क्षेत्र से आए साधारण कार्यकर्ताओं से आत्मीय चर्चा की और क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने पूरी तन्मयता से उनकी बातों को सुना और जनहित में निरंतर कार्य करने के लिए उन्हें प्रेरित किया। सोनिया गांधी द्वारा पूरा समय देकर गंभीरता से चर्चा किए जाने पर कार्यकर्ता भी हतप्रभ रह गए और आश्चर्य व्यक्त किया। यह मुलाकात चर्चा का विषय बन गई कि कांग्रेस की देश की वरिष्ठतम नेता ने पूरी सादगी के साथ साधारण कार्यकर्ताओं को भी पूरा महत्व दिया ।

## आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का फरार आरोपी गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा नवविवाहिता द्वारा आत्महत्या के एक प्रकरण में सक्रिय और सख्त कार्यवाही करते हुए फरार अंतिम आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया है । दिनांक 14 अगस्त 2025 को गुना शहर के बांसखेड़ी क्षेत्र की रहने वाली 25 वर्षीय नवविवाहित द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई थी । उक्त घटना पर से केंट थाने में मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई । प्रकरण नवविहिता द्वारा आत्महत्या का होने से प्रकरण की जांच सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा द्वारा की गई । जांच में पाया गया कि अनूप सिंह राजावत एवं सुखदेव पाण्डे निवासीगण ग्वालियर के द्वारा मृतिका के अश्लील फोटो वायरल किए गए थे, जिससे मानसिक रूप से अत्यधिक परेशान एवं आहत होकर मृतिका ने आत्म हत्या जैसा कठोर कदम उठाया । आरोपियों की तलाश शुरू की गई और दिनांक 26 अक्टूबर 2025 को आरोपी अनूप सिंह कुशवाह निवासी मुक्तेश्वर कॉलोनी ग्वालियर थाना जनकगंज जिला ग्वालियर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया । प्रकरण में फरार दूसरे एवं अंतिम आरोपी सुखदेव पाण्डे की गिरफ्तारी के प्रयास जारी रखते हुए, जिसकी सरगर्मी से तलाश की गई । केंट थाना पुलिस द्वारा तत्पर और प्रभावी कार्यवाही कर प्रकरण में करीब दो माह से फरार आरोपी सुखदेव पुत्र दीनदयाल पांडे उम्र 25 साल निवासी खायरा थाना छाता जिला मथुरा (उत्तर प्रदेश) को भी गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है ।



## जन समस्याओं के त्वरित व पारदर्शी निराकरण हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश

# एसपी ने जनसुनवाई में सुनी आवेदकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जनविश्वास को सशक्त करने और पुलिस-जन संवाद को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में गुना पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं । इसी क्रम में दिनांक 16 दिसंबर मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम सभागृह में आयोजित जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अंकित सोनी ने जिले के विभिन्न अंचलों से आए प्रत्येक आवेदकों से व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और सभी आवेदनों को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए समस्या की प्रकृति, जटिलता एवं वैधानिक पहलुओं को समझते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध निराकरण हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए । जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से अपराध संबंधित मामलों की जांच, पारिवारिक विवाद, साइबर अपराध, भूमि विवाद, धमकी व मारपीट तथा सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विषय शामिल रहे । पुलिस अधीक्षक श्री सोनी ने जिनका प्राथमिकता के आधार पर विधिवत निराकरण करने के निर्देश दिए गए । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री सोनी ने कहा कि जनसुनवाई का मूल उद्देश्य प्रत्येक आवेदक की बात को सुनकर उसे न्याय दिलाना है । पुलिस जनता की सुरक्षा, विश्वास और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है । साथ ही उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि जनसुनवाई के माध्यम से जनता और पुलिस के बीच संवाद एवं भरोसे को और अधिक मजबूत किया जाएगा । जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर, डीएसपी मुख्यालय जमील उद्दीन सिद्दिकी, सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा, एसडीओपी गुना विवेक अष्ठाना, एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा, परिवीक्षाधीन डीएसपी और थाना प्रभारी राघौगढ़ आनंद कुमार राय, गुना कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सी.पी.एस. चौहान, कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक फिरदोस तवस्सुम, आरोन थाना इंचार्ज उपनिरीक्षक पंकज कुशवाह आदि अधिकारीगण मौजूद रहे ।




जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## समाचार संक्षेप

### खाद की किल्लत से नाराज़ किसानों का चक्का जाम, राघौगढ़ स्टैंड पर यातायात ठप

**राघौगढ़।** खाद की किल्लत से परेशान किसानों ने सोमवार सुबह करीब 8 बजे राघौगढ़ स्टैंड पर चक्का जाम कर दिया। किसानों के अचानक सड़क पर बैठ जाने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। चक्का जाम के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।



स्कूल जाने वाले बच्चों, दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी हुई। कई यात्री घंटों तक जाम में फंसे रहे।किसानों का कहना है कि बोवनी का समय निकल रहा है, लेकिन सहकारी समितियों और वितरण केंद्रों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। कई बार अधिकारियों को शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ, जिससे मजबूर होकर उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।सूचना मिलने पर प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों से बातचीत कर जाम खुलवाने का प्रयास किया। अधिकारियों द्वारा जल्द खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिए जाने के बाद किसानों ने चक्का जाम समाप्त किया, जिसके बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका।

### आरोन कृषि उपज मंडी में हम्मालों की दरों में 10% वृद्धि पर सहमति, सप्ताह में दो शनिवार चलेगी डॉक नीलामी

**आरोन ।** कृषि उपज मंडी आरोन में शनिवार को मंडी हम्मालों एवं व्यापारियों के मध्य एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हम्मालों की मजदूरी दरों में 10 प्रतिशत वृद्धि पर व्यापारियों द्वारा सहमति प्रदान की गई। मंडी सचिव मनोज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में मंडी संचालन को सुचारू बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। साथ ही यह भी तय किया गया कि अब प्रत्येक माह के दो शनिवार को मंडी की डॉक नीलामी चालू रखी जाएगी।उन्होंने बताया कि सोमवार से पुनः मंडी की डॉक नीलामी नियमित रूप से प्रारंभ हो जाएगी, जिससे किसानों, व्यापारियों एवं हम्मालों को सुविधा मिलेगी और मंडी गतिविधियों में गति आएगी।बैठक के इस निर्णय का मंडी से जुड़े सभी वर्गों ने स्वागत किया है।

### श्री गाडरवाड़ा धाम में दो दिवसीय महा हवन का हुआ समापन

**राघौगढ़।** गाडरवाड़ा धाम के पीठाधीश्वर पंडित दीपक पारीक पूज्य गुरुदेव के सान्निध्य में10 लाख श्रीराम नाम महा–हवन का दो दिवसीय यज्ञपूर्ण श्रद्धा और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।महायज्ञ की पूर्णाहुति मेंभक्तों ने बड़े उत्साह,अनुशासन और सेवा भाव के साथ आहुतियाँ समर्पित कीं।इस अवसर पर अंत मेंबालाजी सरकार, प्रेतराज सरकार एवं खिंची दरबार की दिव्य सेना का विधिवत आवाहन किया गया,



जिससे संपूर्ण वातावरणभक्ति और साधना से परिपूर्ण हो उठा।पूर्णाहुति के पश्चातमहा–आरती सम्पन्न हुई,जिसमें उपस्थित भक्तों नेएक साथ सहभागिता करप्रभु चरणों में श्रद्धा अर्पित की। आरती उपरांतभोजन–प्रसादी का शुभारंभ हुआ,जिसमें अनेक अतिथि के रूप में गुरुजन का आगमन हुआ एवं आशीर्वाद मिला भक्तों नेधाम पर दर्शन करपूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।पूरे आयोजन मेंसंयम, अनुशासन और सामूहिक सेवा भावस्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर हुआ,जिससे यह महायज्ञसभी के लिए एक स्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव बन सका।

## मुनि संघ का राघौगढ़ से आवन बिहार हुआ

# मुनि संघ के पावन सानिध्य में भगवान पारसनाथ का हुआ महामस्तकाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏩राघौगढ़



परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के ज्येष्ठ श्रेष्ठ शिष्य निर्यापक मुनि योग सागर जी महाराज सत्संग के पावन सानिध्य में आज श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में लगभग 250 वर्ष प्राचीन मूल नायक भगवान पारसनाथ की मूर्ति का महामस्तकाभिषेक हुआ। मूल नायक भगवान पारसनाथ के पीछे विराजमान नवीन श्वेत संगमरमर की पारसनाथ भगवान मनोज्ञ प्रतिमा का चरणों का अभिषेक किया गया।

राघौगढ़ में गत जून जुलाई 25 में संपन्न हुए पंचकल्याणक महोत्सव में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर की नवीन बेदियों में भगवान विराजमान किए गए थे। उनको कमलासन पर विराजमान कर उच्चासन नहीं दिया गया था। आज मुनि संघ के पावन सानिध्य में बाल ब्रह्मचारी प्रतिष्ठाचार्य संजीव भैया कटंगी के निर्देशन में नवीन वेदियों में कमलासन पर भगवान विराजमान किये गए। पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक श्री जयवर्धन सिंह के आग्रह पर निर्यापक मुनि योग सागर जी महाराज ससंघ राघौगढ़ के प्राचीन ऐतिहासिक लगभग 300 वर्ष प्राचीन किले पर पहुंचे। किले पर मुनि संघ का राज परिवार ने पाद प्रक्षालन किया।

प्राचीन किले के अवलोकन के साथ राघौ जी महाराज के मंदिर, श्री जगदीश जी के मंदिर एवं हनुमान मंदिर के दर्शन किये ।निर्यापक मुनि योग सागर जी महाराज ने कहा राघौगढ़ राजाओं की नगरी है। यहां के राजा श्री दिग्विजय सिंह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं। राघोगढ़ में भी हमें सर्वधर्म समभाव देखने को मिला। इसी प्रकार दिग्विजय सिंह जब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री थे उन्होंने मध्य प्रदेश में सर्वधर्म समभाव के लिए कार्य किया। बे अनेक बार आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज से मिलने एवं उनसे आशीर्वाद लेने आते थे। श्री दिग्विजय सिंह ने मध्यप्रदेश में गौ संवर्द्धन के लिए सराहनीय कार्य किया।

दोपहर 2:00 बजे निर्यापक मुनि योग सागर जी महाराज ससंघ का मंगल विहार श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर राघौगढ़ में दर्शन कर एवं संत सुधा सागर धाम स्थित संभव नाथ जिनालय के दर्शन कर ग्राम आवन की ओर हुआ। सैकड़ो श्रद्धालु एवं माता बहनों ने मुनि संघ को अश्रु पूरित विदाई दी।

### एक महिला को स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिलने के कारण मृत्यु

**राघोगढ़ ।** नगर की एक महिला को स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिलने के कारण मृत्यु हो गई । राघोगढ़ नगर के मीट मार्केट के पास रहने वाली 31 वर्षीय महिला को रविवार को जिला अस्पताल में लाया गया । परिजनों का आरोप है कि समय पर उपचार न मिलने से उसकी मौत हो गई । मृतक के पति ने बताया कि जिला अस्पताल लाने से पहले उसे दो सरकारी स्वास्थ्य केंद्र और इतने ही निजी अस्पताल में ले गए । लेकिन कहीं भी उसे भर्ती नहीं किया गया । महिला का नाम राखी प्रजापति बताया जाता है । पति लखन प्रजापति ने बताया कि रविवार को सुबह की पत्नी खाना बनाते समय उसकी तबीयत खराब हुई यह उन्हें राघोगढ़ के स्वास्थ्य केंद्र ले गए । यहां सिर्फ एक ही नर्स थी लखन प्रजापति के मुताबिक नर्स ने राखी को भर्ती करने की वजह उन्हें साडा कॉलोनी के अस्पताल जाने को कहां इसके बाद जब लखन अपनी पत्नी को दो पहिया वाहन से साडा कॉलोनी अस्पताल पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था। निराश होकर वहां से वह जिला गुना की बालाजी अस्पताल ले गए । उन्होंने कहां की इसको जिला अस्पताल ले जाओ जब वहां जिला अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर ने राखी प्रजापति को मृतक घोषित कर दिया लखन प्रजापति के मुताबिक उसकी पत्नी की मौत पहले हो चुकी थी । लखन प्रजापति का कहना था कि मेरी पत्नी को समय पर स्वास्थ्य उपचार मिल जाता तो हो सकता था वह अभी मेरे साथी होती शासन प्रशासन द्वारा चलाई गई स्वास्थ्य योजनाओं का आम जनता को नहीं मिल पा रहा स्वास्थ्य लाभ आज भी कहीं स्वास्थ्य केंद्र पर समय पर डॉक्टर नहीं मिलते जिससे आमजन को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं।

## क्षत्रिय खंगार समाज की बैठक में महाराजा खेत सिंह की जयंती पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

क्षत्रिय खंगार समाज, जिला गुना की बैठक राम कॉलोनी स्थित माता मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ सदस्य गजराज सिंह ठाकुर साहब(रेल्वे डिलाईवार) ने की। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों के मार्गदर्शन मेंडा. अशोक ठाकुर , राव ठाकुर (रजिस्ट्रार), अमृतलाल परिहार (सेवानिवृत्त टीआई), एस. एच. परिहार (सेवानिवृत्त मुख्य महाप्रबंधक निज सचिव विद्युत विभाग), राजेन्द्र सिंह गुजराती (सीएसी), महेश राजपूत (शिक्षक), महेन्द्र पाल सिंह परिहार (सेवानिवृत्त पीडब्ल्यूडी), प्रेम सिंह परिहार (सब इंस्पेक्टर), जशवंत सिंह परिहार , मंगल परिहार (मध्यप्रदेश पुलिस), प्ररन सिंह परिहार (शिक्षक), एवं सुनील परिहार (शिक्षक)की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।बैठक में आगामी 27 दिसंबर को मनाए जाने वाले महाराजा खेत सिंह खंगार जयंती समारोह को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।सभी की सर्वसम्मति से जयंती आयोजन का निर्णय लिया गया तथा आयोजन समिति का गठन निम्नानुसार किया गया —अध्यक्षः गोपाल(रोशन भैया) परिहार (सरपंच, मगवार)उपाध्यक्षः मुकेश परिहार, कमल परिहार, रामकृष्ण परिहार, राजेश परिहार (भदौरा), आनंद परिहार, हल्के परिहार, बलराम परिहारमीडिया प्रभारीः मोनू सिंह परिहारसचिवः मनोज खंगार (शिक्षक)सह सचिव राजेश परिहार कोषाध्यक्षः बृजेश परिहारसह कोषाध्यक्ष गोलू परिहार सदस्यगणः राजेश परिहार, मलखान सिंह परिहार, दीपक परिहार, शिवकुमार परिहार, लक्ष्मीनारायण परिहार, सौरव परिहार , विजय परिहार, अंकुल परिहार, राहुल परिहारबैठक का समापन समाज की एकता, सहयोग एवं महाराजा खेत सिंह खंगार के आदर्शों पर चलने के संकल्प के साथ किया गया।

### जनसंपर्क किया शुरू

क्षत्रिय खंगार समाज आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी मोनू सिंह परिहार के नेतृत्व में महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती के निमंत्रण एवं सहयोग हेतु भदौरा, लहर खोता एवं माधोपुर में समाज बंधुओं से संपर्क किया गया।मीडिया प्रभारी मोनू सिंह परिहार ने बताया कि समाज के युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

# नेशनल मेगा लोक अदालत में नगर परिषद की ऐतिहासिक उपलब्धि, रिकॉर्ड 22.17 लाख रुपए की सर्वाधिक वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏩चांचौड़ा

नेशनल मेगा लोक अदालत में नगर परिषद द्वारा अब तक की सर्वाधिक वसूली कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की गई। अनुविभागीय अधिकारी रवि मालवीय एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओम त्र्यंबकेश्वर शर्मा के नेतृत्व में नगर परिषद ने कुल 22,17,333 (बाइस लाख सत्रह हजार तीन सौ तैंतीस रुपये) की वसूली की।नगर परिषद क्षेत्र में की गई इस वसूली में सर्वाधिक योगदान निकाय कर्मचारियों का रहा, जिससे 10,24,460 की वसूली हुई। वहीं सम्पत्ति कर मद से 9,45,863 तथा जलकर से 2,47,010 रुपये प्राप्त हुए।नगर परिषद द्वारा लोक




अदालत के माध्यम से की गई यह वसूली अब तक की सर्वाधिक वसूली मानी जा रही है, जो परिषद की प्रभावी कार्यप्रणाली एवं करदाताओं के सहयोग का परिणाम है। इस सफलता में नगर परिषद के सभी वार्ड प्रभारियों एवं समस्त कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार राजस्व वसूली को सुदृढ़ करने हेतु निरंतर प्रयास किए जाएंगे, ताकि नगर विकास कार्यों को और गति मिल सके।देर रात तक वसूली जारी रहीबसूली में नगर परिषद के वार्ड प्रभारी ओर समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय में ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏩अशोकनगर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू महाविद्यालय में 15 दिवसीय ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ में प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश के कर कमलों से किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ में आयोजित हो रहा है ।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर रेनू राजेश ने कहा कि व्यक्तित्व के विकास में सुंदरता का भी अपना योगदान है। एक अच्छे करियर के साथ सलीके से किसी के सामने प्रस्तुत होना भी हमारे व्यक्तित्व की विशेषता होती है। इस अवसर पर डॉ. रेनू राजेश ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें इस क्षेत्र में करियर चुनने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। विवेकानंद प्रभारी डॉ. योग्यता भार्गव ने बताया कि कार्यक्रम में 50 छात्राओं ने पंजीयन कराया है जिसमें से प्रथम दिवस छात्राएं उत्साह के साथ ब्यूटी संबंधी सभी कार्य सीख रही है। डॉ भार्गव ने कहा कि यह इस वर्ष का द्वितीय प्रशिक्षण है पूर्व में इस तरह का एक प्रशिक्षण कंप्यूटर कौशल को लेकर किया गया था तथा आगामी समय में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लाभ हेतु आयोजित होते रहेंगे।



### राजपुर में सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**राजपुर।** दिनांक 14.12.2025 से दिनांक 16 12 2025 तक चलने वाले सांसद खेल प्रतियोगिता में राजपुर पंचायत की तरफ से जिला स्तरीय सितोलिया खेल में राजपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिले में इस अवसर पर टीम का नेतृत्व कैप्टन के रूप में बुशरा खान एवं दूसरे खिलाड़ियों के रूप में संध्या अहिरवार,आरती कुशवाहा, अंजू अहिरवार, रोशनी यादव, चंद्रेश अहिरवार, राधिका कुशवाहा, वंदना शर्मा, चांदनी धाकड़, रोशनी कुशवाहा, उमा अहिरवार, एवं राजकुमारी कक्षा 11 कला समूह बायोलॉजी समूह एवं गणित समूह के छात्रों ने किया एवं जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन सभी बच्चों का प्राचार्य दयाराम मोर्य, छीपौन प्राचार्य मनोज छारी ने स्वागत किया। जिसमें मार्गदर्शी शिक्षक के रूप में संजय कुमार बिजौले मुनेश करैया, घनश्याम कुशवाह पूनम उपाध्याय रहे।

## बच्चों को ठंड से राहत दिलाने के लिए गर्म कपड़े बांटे



हरिभूमि न्यूज ⏩अशोकनगर

देपालखेड़ी मे मंगलवार को धनलक्ष्मी मर्चेंडाइज़ प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सराहनीय सामाजिक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धनलक्ष्मी मर्चेंडाइज़ प्राइवेट कंपनी द्वारा स्थानीय देपालखेड़ी एवं सजापुर विद्यालय पहुंच कर विद्यार्थियों को ग़रीब जरूरतमंद बच्चों को ठंड से राहत मिलने के लिए गर्म कपड़े वितरण कए गए।

इस दौरान विद्यालय परिसर एवं उसके आसपास वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों एवं कंपनी प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके साथ ही देपालखेड़ी स्थित रेत खदान क्षेत्र में भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि धनलक्ष्मी मर्चेंडाइज़ प्राइवेट लिमिटेड सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## राम को छोड़कर जो दाम के पीछे दौड़ता है राम उसको छोड़कर चले जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏩अशोकनगर



नईसराय सुरई मैदान में चल रही श्री राम कथा पर प्रवचन देते हुए देवमुरारी बापू ने कहा कि राम को छोड़कर जो दाम के पीछे दौड़ता है राम उसको छोड़कर दूर चले जाते हैं।

उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम जी ने जब सीता के साथ जनकपुर में विवाह किया और अयोध्या वापस लौटकर आए तो अयोध्या वासी सीता सहित राम को देखकर दो गुना ज्यादा आनंदित हो गए और इसी आनंद में सब लोग राम को छोड़कर सीता जी की सुंदरता और उनकी कृपा को देखकर राम को भूल गए। राम जी का एक नियम है कि जो राम को छोड़कर धाम के पीछे दौड़ता है यानी लक्ष्मी के पीछे दौड़ता है तो भगवान उसको छोड़कर चले जाते हैं।

इसलिए लक्ष्मी से ज्यादा धन संपत्ति से ज्यादा राम जी को याद करना चाहिए जिससे राम जी की कृपा सदैव हमारे ऊपर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आज संसार में ऐसा ही हो रहा है लोग धन के पीछे ज्यादा दौड़ रहे हैं। इसलिए राम को प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं भगवान श्री राम सभी अयोध्या वासियों को छोड़कर 14 वर्ष के लिए जंगल में चले गए। श्री राम वन में उन भक्तों के लिए सुख दिए जो राम जी की प्रतीक्षा कर रहे थे और वर्षों से तपस्या कर रहे थे राम का मतलब है सबको आनंद पहुंचना। इसी क्रम में सबसे पहले केवट के नौका में पार हुए उसके बाद वन की आगे की यात्रा की राम जी चाहते तो अपना विराट रूप बढाक़र गंगा नदी को पार कर सकते थे पर राम का स्वभाव है अपने से छोटे को सदैव आदर देना सम्मान देना, इसलिए केवट से राम जी ने निहोरा किया और केवट की छोटी सी नौका में बैठकर राम लक्ष्मण सीता गंगा पार हुए। यह राम का स्वभाव है और यह संदेश है कि यदि भवसागर से पर होना है तो उसके लिए भक्तों और संतों का सहारा लेना पड़ेगा। राम जी के एक-एक चरित्र मनुष्य को शिक्षा देने के लिए हुए हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा दिवस के अवसर पर निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏩ईसागढ

कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड ईसागढ़ की नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सोंधना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर सेक्टर ढाकोनी 3 द्वारा ईसागढ़ शासकीय महाविद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश विद्युत विभाग जे ई अनिरुद्ध यादव की अध्यक्षता में प्रतियोगिता हुई। जिसमे करीब 36 छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता को प्रशस्ति पत्र प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। निबंध




प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आस्था रघुवंशी, द्वितीय स्थान गीता देवी और तृतीय स्थान सोना लोधी ने प्राप्त किया। वही चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा यादव, द्वितीय स्थान गीता देवी और तृतीय स्थान आस्था रघुवंशी ने प्राप्त किया, जिनको जे ई अनिरुद्ध यादव ने प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ईसागढ़ ब्लॉक समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक, समिति अध्यक्ष पन्नालाल आदिवासी, सचिव दिनेश कुमार सेन, मेंटर नारायण दास बैरागी, ऋषि ओझा, रवि केवट, प्रस्फुटन समिति नरसुखेड़ी अध्यक्ष दिलीप राठौर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

### लोगो में बनी चर्चा का विषय

## विधायक ने एक बार फिर दिखाई दरियादिली

हरिभूमि न्यूज ⏩मुंगावली

दो दिन पहले बहादुरपुर विद्यालय की बस के ग्राम कागपुर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिसकी जिसमें सवार 57 स्कूली बच्चे सहित अन्य लोग घायल हुए थे जिनका उपचार विदिशा ओर गंजबासौदा में किया जा रहा है ऐसे में क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र सिंह यादव द्वारा एक बार फिर दरियादिली दिखाते हुए घटना की सूचना मिलते ही सीधे घटना स्थल पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी ली गई।

विधायक बृजेंद्र सिंह यादव द्वारा त्वरित रूप से गंजबासौदा शासकीय अस्पताल एवं विदिशा स्थित अटल



बिहारी वाजपेई चिकित्सा महाविद्यालय पहुँचकर दुर्घटना में घायल बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान चिकित्सकों को समुचित उपचार हेतु आवश्यक निर्देश दिए तथा घायल बच्चों एवं उनके परिजनों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया विधायक की इस कार्य शैली चर्चा अब आम लोगों में होने लगी है।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद राघौगढ़-विजयपुर जिला गुना (म.प्र.)**

क्रमांक / 2267 / न.पा./रा-वि/25 — दिनांक 08/12/2025

**निविदा विज्ञप्ति**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| ई-टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | धरोहर राशि | ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2025_UAD_466884_1 | ट्रॉसपोर्टनगर पार्किंग संचालन कार्य। | 25000/- | 2000/- |

1. निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एंव निविदा से सबंधी समस्त शर्ते https:/ww.mptenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईड पर जानकारी प्राप्त होगी। संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जायेगा।
2. निविदाकार द्वारा केवल ऑनलाईन के माध्यम से ही दस्तावेज अपलोड़ करना अनिवार्य होगा।
3. निविदाकार को न्यूनतम राशि 13.20 लाख प्रति वर्ष (12 माह) से अधिक राशि पर दर प्रस्तुत करना होगा।
4. निविदाकार को पार्किंग स्थल पर स्वंय का स्टॉफ लगाकार राशि 100 रुपए प्रथम दिन एवं द्वितीय दिन उसी वाहन पर 50 रुपए प्रतिदिन के मान से वाहन चालकों से लेना होगा।
5. निविदाकार को अनुबंध के समय ऑनलाईन निविदा में प्राप्त वार्षिक दर की राशि को एक मुस्त जमा करना अनिवार्य होगा।
6. निविदाकार निकाय से रसीद कट्टे की राशि 200/- जमा कर रसीद कट्टा प्राप्त करना होगा।
7. निविदाकार को केवल निकाय के रसीद कट्टे का उपयोग करना होगा। स्वंय के रशिद कट्टे उपयोग करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस सबंध में निकाय को लिखित शिकायत प्राप्त होने पर जांच उपरांत दोषी पाये जाने पर ठेकेदार का यथा स्थिति में ठेका निरस्त कर जमा वार्षिक एंव धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी।
8. पार्किंग स्थल पर किसी भी प्रकार घटना/दुर्घटना होने की स्थिति में समस्त जबावदारी निविदाकार की होगी।
9. पार्किंग स्थल पर समस्त आवश्यक मूलभूत सुविधाऐं निविदाकार को करना अनिवार्य होगा।
10. टेण्डर खरीदने की दिनांक 09/12/2025 से 10/01/2026 तक रहेगी।
11. टेण्डर ओपन दिनांक 12/01/2026

**अध्यक्ष**
**नगरपालिका राघौगढ़-विजयपुर**

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका राघौगढ़-विजयपुर**

## खबर संक्षेप

### सकल हिन्दू समाज के तत्वाधान में खंड में होंगे हिंदू सम्मेलन

**मुंगावली।** खंड के एक दर्जन से अधिक में विभिन्न अंचलों में हिंदू सम्मेलन संपन्न होंगे जिसमें सभी मंडलों के सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित इन सम्मेलनों में हिन्दू समाज के सभी घटक के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे बता दें कि हिंदुत्व की धारा को और तेज किया जा रहा हैं। जिसमें अलग-अलग स्थान पर संपन्न होने वाले हिंदू सम्मेलनों में विभिन्न वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि इन सम्मेलनों का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण को बल देना है। इस बैठक में सर्व प्रथम भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें इन हिंदू सम्मेलन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आयोजित समितियां के गठन को लेकर यह बैठक आयोजित की गइर्। हिंदू सम्मेलन को लेकर अंचल के 14 मंडलों में समितियां का गठन किया गया है इस मौके पर आयोजन समितियां को कलश एवं धर्म ध्वजा दी गई है। बही मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक नितिन अग्रवाल उपस्थित रहें यह बैठक सोमवार को विशाल हिंदू सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह संघ चालक भान सिंह यादव विभाग सहकारवा महेश रघुवंशी के साथ जिला प्रचारक संजय नागर एवं खंड कारवाह शिशुपाल सिंह चैहान खंड सह करवा सुखनंदन ओझा उपस्थित रहें।

### जिले को प्राप्त हुई आई.पी.एल. कंपनी यूरिया की रैक

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिले के कृषकों की मांग अनुसार रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सतत की जा रही है। जिले को आई.पी.एल. कंपनी की यूरिया की रैक प्राप्त हुई है। रैक से 1951 मे.टन यूरिया प्राप्त हुआ है। डबललॉक केन्द्र अशोकनगर को 600 मे.टन, डबललॉक केन्द्र मुंगावली को 200 मे.टन, डबललॉक केन्द्र पिपरई को 200 मे.टन, डबललॉक केन्द्र ईसागढ़ 100 मे.टन, डबललॉक केन्द्र नईसरायं 100 मे.टन, डबललॉक केन्द्र चन्देरी 100 मे.टन, एम.पी. एग्रो अशोकनगर 83 मे.टन यूरिया प्रदाय किया गया है।

### जुए के अडडे पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत पुलिस ने भुजरिया तालाब के किनारे खम्बे के नीचे ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए मलखान,शंकरलाल, राजेश अहिरवार को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 6380 रूपए और ताश की गडडी बरामद की है।

### ग्रामीण की अज्ञात कीड़े के काटने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम बामौर हुर्रा निवासी विजयसिंह पुत्र श्रीपथ सिंह यादव उम्र 50 साल को अज्ञात जहरीले कीड़े ने काट लिया था जिसके बाद उन्हें उपचार हेतु चंदेरी अस्पताल ले जाया गया जहां पर उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 26 दिसम्बर को


**अशोकनगर।** सूक्ष्म,लघु व मध्यम उद्योग, कौशल विकास,रोजगार विभाग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर आदित्य सिंह के मार्गदर्शन में जिला स्तर पर 26 दिसम्बर को रघुवंशी धर्मशाला अशोकनगर में प्रातः 11 बजे से युवा संगम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया गया है। रोजगार मेला में प्रदेश की विभिन्न कंपनियों द्वारा मेला स्थल पर साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार एवं संबंधित विभाग द्वारा अलग अलग स्वरोजगार योजनाओ के बारे में मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही ऐसे विभाग जिनमे स्वरोजगार एवं हितग्राही मूलक योजना संचालित होती है, उनके हितग्राही को भी हितलाभ वितरण किया जायेगा। रोजगार मेला में भाग लेने के लिए इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते है।

## मंदिरों में प्रतिमाओं को किया जाएगा विराजमान

# प्रतिमाओं को अयोध्या नगरी से भव्य शोभायात्रा के साथ जिनालयों में लाईं









हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर में गजरथ महोत्सव के सफलता आयोजन के बाद आज प्रातः काल की वेला में अयोध्या नगरी से रथों में विराजमान कर नव प्रतिष्ठित प्रभु को विशाल रथयात्रा के साथ तीर्थ चक्रवर्ती मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में विशाल भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह प्रतिमाएं जिन मंदिर में विराज मान होना है उन छोटी प्रतिमाओं को श्रद्धालु मंदिर के अन्दर लेकर पहुंचे। बड़ी प्रतिमाओं को बड़े वाहनों से लाया गया। जिन्हे विधिवत रूप से मंदिरों में विराजमान किया जाएगा। शहर के गांव जैन मंदिर, पारशनाथ जैन मंदिर, त्रिकाल चैबीसी मंदिर के साथ सुभाष गंज जैन मंदिर में इन प्रतिमाओं को लाया गया है।

**विश्व शांति महायज्ञ की सफलता में सभी नगर वासियों का रहा सहयोग:** इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि विश्व शांति महायज्ञ की सफलता से सम्पूर्ण जैन समाज हर्षित है श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ में नगर के सभी समाजों ने भरपूर आनंद लिया और जैन समाज को हर तरह से सहयोग किया हम सभी का आभार व्यक्त करते हैं। इस महा महोत्सव में प्रिंट मीडिया इलोकटोनिक मिडिया प्रशासन शासन का भरपूर सहयोग मिला। आज हम महा महोत्सव के प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भैया मुकेश भैया का सम्मान सहित अन्य प्रमुख पात्रो का भी सम्मान किया गया। यह सम्मान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडिटर संजय के टी संयोजक मनोज रन्नौद उमेश सिघई मनीष सिंघई श्रेयांसघैला थूवोनजी अध्यक्ष अशोकजैन टींगूमिल महामंत्री मनोज भैसरवास सहित अन्य प्रमुख जनो दारा किया गया।

### कर्म ही सजा देता है उससे बचाने वाला कोई नहीं मिलताः मुनिश्री

इस दौरान धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि पापी को पाप करने की धर्म में छूट दी जाती है पाप करते करते फूल जाता है प्रकृति की व्यवस्था है कि पापी पाप करते हुए ऐसा अहंकारी हो जाता है फिर उसे कर्म अपने वंधन में जकड़ता चला जाता है फिर कर्म ही ऐसी सजा देता है उसको कोई बचाने वाला नहीं मिलता एक गोच होती है जो गाय के स्तन में चिपक जाती है वह दुध नही पीतीं वह भी वहां खून ही पीती है खोटे कर्म करने वाले को प्रकृति उकसाती है तव ही तो उसे कठोर दण्ड दिया जा सके अच्छाईयों में भी जिसे बुराई देखने वाले को भी प्रकृति के पास व्यवस्था है।

कुछ नियम लेना ही सब कुछ नहीं है इससे आगे बढ़ने का विचार करें

उन्होंने कहा कि समस्त कालीमा को धो देता है पुण्य और पाप से ऊपर उठने की बात जब आती है तो व्यक्ति साधना में पहुंच जाता है। यहां उसे किस्मत की जरूरत नहीं होती, लेकिन जिन कारणों से कर्मों का वंध होता है उन कारणों को खत्म करना बहुत कठिन होता है। सब कुछ छोड़ना ही सब कुछ नहीं है उसके अंदर जो कलुषता है जो ईष्या, क्रोध इतना भड़क जाता है कि सारी जिंदगी का पुण्य समाप्त हो जाता है। साधक सभी नहीं वन पाते आज भगवान साधना करते करते साधक वन कर इससे ऊपर उठ गए। संसार में रहकर हम अच्छी जिंदगी जीना चाहते हैं तो उसे मंगलाचरण करना पड़ेगा। मंगलाचरण करने के लिए जो मंगल मय हो चुके हैं उनका मंगलाचरण करते रहें। आप ग्रहस्थ जीवन में हैं आपको मन्दिर से ज्यादा चिंता घर की है। आप सब पहले अपने मकान बनाना चाहते हैं पहले कोई मन्दिर बनाने की नहीं सोचता क्योंकि मन्दिर तो कोई भी बना लेगा।

## नपा अध्यक्ष ने मदद का आश्वासन दिया

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग गृहस्थी का सामान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शहर के मोती मोहल्ला में मंगलवार सुबह करीब 11 बजे महेश सोनी के घर में शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कमरे में रखा पूरा गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि यह आग उस फ्रिज में शॉर्ट सर्किट होने से लगी थी, जिसे महेश सोनी की पत्नी ने मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत मिले पैसों को जोड़कर खरीदा था।

आग की सूचना मिलते ही नगर पालिका की दो फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गईं। स्थानीय लोगों ने भी तत्परता दिखाते हुए अपने बोरवेल से पानी डालकर आग बुझाने में मदद की। कोतवाली थाने की टीम भी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और बचाव कार्य में सहयोग किया। सभी के प्रयासों से आग पर तत्काल काबू पा लिया गया, जिससे आग घर के अन्य हिस्सों में नहीं फैल सकी। घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष भी सक्रिय हो गए। उन्होंने मौके पर अपने भाई को भेजकर पीड़ति परिवार से चर्चा की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। नपा अध्यक्ष का कहना है कि पीड़ति परिवार को नगर पालिका परिषद के साथ-साथ प्रशासन की ओर से भी नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस घटना से सोनी परिवार का बड़ा नुकसान हुआ है और उनके सामने रहने व खाने की समस्या खड़ी हो गई है।

### 6 स्कूली वाहनों की चैकिंग कर 4500 रुपए की राशि वसूल की गई



**अशोकनगर।** मंगलवार को तहसील नईसराय में स्कूल वाहनों की चैकिंग की गई जिसमें स्कूल वाहन तथा अन्य छोटे वाहनों से नियम विरूद्ध संचालन करने पर चालानी कार्यवाही की जाकर समझौता शुल्क के रूप में कुल 06 वाहनों से 4500/-रूपये की राशि वसूल की गई। 05 स्कूल वाहन जो शाढौरा पब्लिक/बालक युसु/संसकार पब्लिक स्कूल और 01 छोटा मालयान जप्त कर थाना नईसराएं और थाना शाढौरा में रखे गये है। दिनांक 01.04.2025 से 16.12.2025 तक चालानी कार्यवाही की जाकर कुल 382500 रूपए का राजस्व समझौता शुल्क के रूप में वसूल किया गया। स्कूल संचालकों को चेतावनी दी गई है कि स्कूल वाहन विना परमिट/ फिटनेस /बीमा /प्रदुषण यानकर/अग्निशमन यंत्र/हीएलटीडी/जीपीएस के बिना यदि कोई वाहन स्कूल वाहून चलता पाथा जाने पर मोटरयान नियम के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जावेगी। कार्यालय द्वारा प्रत्येक सप्ताह स्कूल बसों व यात्री बसों की तथा अन्य वाहनों की चैकिंग की जा रही है चैंकिंग के दौरान जो वाहन अनफिट या क्षमता से अधिक यात्री पाये जाते है अनके विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाती है, आगे भी जिले में चैकिंग निरतंर जारी रहेगी।

# हत्या के प्रयास का मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में हत्या के प्रयास का मुख्य आरोपी सहित तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 15.12.2025 को थाना कोतवाली अंतर्गत फरियादी अनिल अग्रवाल पुत्र कैलाश अग्रवाल, निवासी पुरानी थाने के पीछे, थाना कोतवाली अशोकनगर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 678/25 अंतर्गत धारा 109(1), 296(वी), 190, 191(1), 191(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल प्रभाव से विशेष टीम गठित कर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में मंगलवार को थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपियों के संभावित ठिकानों पर सघन दबिश दी गई। इस दौरान प्रकरण के मुख्य आरोपी प्रदीप सिंह सिख को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के मेमो कथन लेखबद्ध किए जाने पर उसके द्वारा घटना में अन्य आरोपियों की संलिप्तता स्वीकार की गई। मुख्य आरोपी के मेमो कथन के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना में शामिल अन्य आरोपी हरप्रीत पुत्र लखबिंदर एवं कमल पुत्र कृपाल सिंह सिख को भी गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त औजारों को आरोपियों की निशादेही से जप्त किया गया है। प्रकरण में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। गिरफ्तारशुदा आरोपी प्रदीप सिंह सिख, हरप्रीत पुत्र लखबिंदर एवं कमल पुत्र कृपाल सिंह सिख को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान, थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा, उनि. जंगबहादुर सिंह तोमर, उनि. मनीष सिंह गुर्जर, सउनि. दिनेश कुमार शर्मा, प्रआर. नवल किशोर शर्मा, प्रआर. दिनेश कुशवाह, प्रआर. अतेन्द्र यादव, आर. गौरव रघुवंशी, आर. महेश बघेल, आर. अभयराज, आर. निशांत छारी, आर. बृजभान यादव, आर. अवनीश, आर. पुष्पेन्द्र यादव आदि की रही भूमिका।



### जिले में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुराने थाने के पीछे निवासी अनिल अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रदीप सरदार और उसके 5 6 लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम वायंगा निवासी सतेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू, बलराम और रामसिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से जितेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रविन्द्र और सतेन्द्र यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बहेरिया निवासी ने जितेन्द्र तौमर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजा खान, बादल खान, छोटू खान, अनबर सरीफ, शाहरूख, ईस्लाम, अफरीदी, सोहिल, रफीक, जुनैद खान ने एक राय होकर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरेसरा निवासी जयनारायण यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गजराम, अरबिंद यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# इंडियन पोस्ट पेमेंट में दस हजार से ज्यादा खाते किंतु उप डाकघर में स्टाफ की कमी

## *डाकघर के लिए कम पड़ रही जगह, ग्राहकों को बैठने की भी सुविधा नहीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर में करीब पांच वर्ष पूर्व बहादुरपुर के शाखा डाकघर को प्रोन्नत कर उप डाकघर बना दिया गया है। जिससे डाकघर का नया पिनकोड भी आ गया। इसी के साथ इस उप डाकघर में इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक के तहत खाते खोलना शुरू हुए थे, जिनकी संख्या अब दस हजार पार कर गई है। किंतु इतनी संख्या में खुले हुए खातों में लेन देन करने के लिए बैंक में पर्याप्त स्टाफ नहीं है। वहीं शासन द्वारा विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं में इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक के खाते प्राथमिकता से खुलवाए गए हैं। जिससे लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, इंदिरा गांधी पेंशन योजना के तहत प्रतिदिन सैकड़ों उपभोक्ता अपनी राशि निकासी के लिए उप डाकघर में पहुंच रहे हैं लेकिन उन्हें यहां लम्बा इंतजार करना पड़ता है।

### ट्रांसफर हुए तो बिगड़ी व्यवस्था

ऐसा नहीं है कि उप डाकघर में स्टाफ की कमी शुरू से हो। यहां बीते दो वर्षों से अच्छा खासा स्टाफ था किंतु बीते दिनों जब एक एक कर के कई कर्मचारियों के ट्रांसफर हुए और उनकी जगह कोई नया कर्मचारी नहीं आया तो व्यवस्था बेपटरी हो गईं हैं। हालांकि मौजूदा स्टाफ व्यवस्था बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।




### पंचायत के भवन में चल रहा डाकघर जगह की भी कमी

ग्राम पंचायत के बहु उद्देशीय भवन स्थित एक कमरे में उप डाकघर संचालित हो रहा है। जिसमें जगह की भी कमी है। इसलिए यहां स्टाफ के बैठने की व्यवस्था तो है लेकिन ग्राहकों को खड़े रहकर ही इंतजार करना पड़ता है। हालांकि कक्ष के नजदीक एक फर्शी की ब्रैंच बनाकर चार पांच लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है जो पर्याप्त नहीं है।

### भेजेंगे प्रस्ताव

हम स्टाफ की व्यवस्था जल्द से जल्द कराते हैं। भवन बदलने के लिए अभी संभावना नहीं है क्योंकि कुछ ही महीने पहले वहां रिनोवेशन कराया है। भविष्य में यदि कोई योजना बनी तो जरूर प्रस्ताव भेजेंगे।

**ओपी चतुर्वेदी,** अधीक्षक, डाकघर, गुना

# जनसुनवाई में 279 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रति मंगलवार को होने वाली जन सुनवाई के कार्यक्रम के चलते 279 आवेदक शहर से लेकर गांव तक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे जिन्हे कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा समक्ष में सुना गया और निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में ग्राम रावसर निवासी परमाल सिंह यादव द्वारा भूमि का सीमांकन कराए जाने,वार्ड नंबर 15 चंदेरी निवासी धन्नालाल द्वारा पट्टा दिलाए जाने,वार्ड नंबर 11 चंदेरी निवासी संजय सेन द्वारा संबल कार्ड में सुधार करवाए जाने,ग्राम ऊमरी निवासी भावना शर्मा द्वारा फोती नामांतरण कराए जाने, ग्राम बड़ेरा निवासी रजिया अहिरवार द्वारा रजिस्ट्री का आदेश प्राप्त कराए जाने,ग्राम गोराघाट निवासी गणेशराम आदिवासी द्वारा विद्युत कनेक्शन दिलाए जाने,ग्राम रतवास निवासी चन्दन सिंह यादव द्वारा सीमांकन सही कराए जाने,वार्ड नंबर 7 ईसागढ़ निवासी अरूण कुमार शर्मा द्वारा पीएम आवास दिलाए जाने संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं राजेश जैन, अपर कलेक्टर आदि रहे मौजूद।

# सांसद खेल महोत्सव 2025 अंतर्गत खेल प्रतियोगिताएं आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन में सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिताओं का तीन दिवसीय आयोजन 14 दिसम्बर से अशोकनगर के संजय स्टेडियम में कराए जा रहे है।

इस आयोजन में चारों ब्लॉक की टीमें भाग ले रही हैं। तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता आयोजन के तृतीय दिवस मंगलवार को खोखो, रस्साकसी, सितोलिया, बैडमिंटन, कुराश आदि खेलों के आयोजन सांसद खेल संयोजक जजपाल सिंह पूर्व विधायक के मार्गदर्शन में एवं संजीव भारिल, धर्मेंद्र रघुवंशी, महेंद्र भारद्वाज, लखन रघुवंशी, हरिओम नायक, विष्णु सोनी की उपस्थिति में संपन्न कराए गए।

**खेल प्रतियोगिताओं के फाइनल परिणाम**

खेल प्रतियोगिताओं के फाइनल परिणाम इस प्रकार रहे। खो खो खेल में बालक वर्ग जूनियर में अशोकनगर विजेता एवं ईसागढ़ उपविजेता रहे एवं बालक वर्ग सीनियर में अशोकनगर विजेता एवं मुंगावली उप विजेता रहे, बालिका वर्ग जूनियर वर्ग में अशोकनगर विजेता और मुंगावली उपविजेता रहे। बालिका वर्ग सीनियर में मुंगावली विजेता और अशोकनगर उप विजेता रहे। रस्साकसी खेल बालक वर्ग जूनियर में मुंगावली विजेता एवं ईसागढ़ उपविजेता रहे, बालक वर्ग सीनियर में अशोकनगर विजेता एवं मुंगावली उपविजेता रहे। सतोलिया खेल में बालक वर्ग जूनियर में अशोकनगर विजेता एवं चंदेरी उपविजेता रहे। बालक वर्ग सीनियर में ईसागढ़ विजेता एवं मुंगावली उप विजेता रहे। बालिका वर्ग जूनियर में अशोकनगर विजेता एवं मुंगावली उप विजेता रहे। बालिका वर्ग सीनियर वर्ग में मुंगावली विजेता रहे। गिल्ली डंडा खेल में बालक वर्ग जूनियर वर्ग में मुंगावली विजेता एवं ईसागढ़ उप विजेता रहे। वहीं बालक वर्ग सीनियर में मुंगावली विजेता एवं ईसागढ़ उप विजेता रहे। इन खेलों के दौरान अरुण रघुवंशी जिला खेल अधिकारी, ओपी शर्मा क्रीड़ा अधिकारी, प्रह्लाद श्रीवास्तव, शशिकांत भार्गव आदि रहे मौजूद।

## आज होगा आचार्य श्री का मंगल प्रवेश

# संसार में हर प्राणी किसी न किसी कारण से दुखी हैः मुनिश्री




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगावली

संसार में हर प्राणी किसी न किसी कारण से दुखी है,अपने अपने स्तर पर हर प्राणी संसार में दुखी बना हुआ है यहां तक कि तीर्थंकरों ने भी हल चलाए ओर वह भी संसार में दुखी रहे। इसलिए अपने लिए सदैव धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए क्योंकि इस संसार में धर्म ही है। जिसमें प्राणी खुश है ओर अपना धर्म मोक्ष मार्ग की राह दिखाता है, जहां जियो ओर जीने दो का संदेश देता है। सभी को इसी मार्ग पर चलना है।

उक्त उद्गार नगर में विराजमान आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री मेघदत्त सागर जी महाराज ओर मुनि श्री वृषभदत्त सागर जी महाराज,एवं क्षुल्लक श्री देवदत्त सागर जी महाराज ने संत निवास में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही। मुनि श्री मेघदत्त सागर जी ने आगे कहा कि संसार में करुणा,दया ओर एक दूसरे के प्रति क्षमा भाव ही हमे आगे ले जाते है ओर यही भाव हमे हमेशा रखना चाहिए जिससे हम अपना धर्म का प्रचार प्रसार कर सके और यही धर्म हमें सिखाता भी है। आज नगर में आचार्य श्री की ससंघ अगवानी की व्यापक तैयारी की जा रही है। जगह जगह तोरण द्वार, पूरी सड़क जहा जहां से महाराज श्री का संघ गुजरेगा वहां व घरों के आगे रंगोली सजाई जाएगी।

## बिना परमिट, बीमा व प्रदूषण प्रमाण पत्र वाले वाहनों पर की गई कार्रवाई

# सुरक्षा व वैधानिक मानकों का अक्षरशः करें पालन

**बोडा-पचोर क्षेत्र की स्कूल बसों की जांच, 1 लाख 35 हजार की चालानी कार्रवाई, एक बस जब्त**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने चलाए जा रहे अभियान में जिला परिवहन विभाग एवं यातायात ने मिलकर मंगलवार को पचोर-बोडा के स्कूलों की बसों की जांच की। लगभग 6 घंटे इस अभियान में अधिकतर स्कूलों की बसों की फिटनेस, परमिट, प्रदूषण व बीमा को चेक किया गया एवं जिन गाड़ियों या बसों में कोई भी कमी लगी उन पर 1 लाख 35 हजार की चालानी कार्रवाई की गई । उल्लेखनीय है कि आयुक्त परिवहन विभाग के निर्देश पर स्कूल बसों एवं अन्य यात्री बसों के विरूद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है।

मंगलवार को बोड़ा एवं पचोर क्षेत्रों में स्कूल परिसरों में पहुंचकर विशेष जांच की गई। इस दौरान एक स्कूल बस का परमिट समाप्त पाया गया, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए बस को जब्त कर बोड़ा थाना परिसर में पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कराया गया। परिवहन विभाग के अनुसार वाहन पोर्टल के अवलोकन में यह तथ्य सामने आया है कि जिले में अनेक ऑटो, ई-रिक्शा एवं स्कूल बसें बिना वैध बीमा एवं प्रदूषण प्रमाणपत्र के संचालित हो रही हैं। ऐसे वाहनों के विरुद्ध आवश्यकता अनुसार चालानी एवं जब्ती कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### परिवहन विभाग व यातायात पुलिस टीम ने की जांच


जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र वैश्य तथा आरटीओ चेक प्वाइंट राजगढ़-1 की प्रभारी अनामिका कोली एवं देवराज पाण्डेय, पंचम एसआई जिला परिवहन कार्यालय में पदस्थ राजदेव शर्मा एवं प्रेमनारायण कुरैचया के नेतृत्व में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल बसों की गहन जांच की। जांच के दौरान यह परखा गया कि वाहन परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित सुरक्षा एवं वैधानिक मानकों के अनुरूप संचालित हो रहे हैं या नहीं।कार्रवाई के दौरान वाहनों के बीमा प्रमाणपत्र, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (पीयूसी) सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई।

### अधिकारी बोले - बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं

*जांच कर रहे अधिकारियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। स्कूल प्रबंधन एवं वाहन संचालकों से अपील की गई है कि वे सभी सुरक्षा एवं वैधानिक मानकों का अक्षरशः पालन करें, अन्यथा आगे और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राजगढ़ में स्कूल बसों की सघन जांच 1 लाख 35 हजार की चालानी कार्रवाई, एक बस जब्त' अधिकारियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। स्कूल प्रबंधन एवं वाहन संचालकों से अपील की गई है कि वे सभी सुरक्षा एवं वैधानिक मानकों का अक्षरशः पालन करें, अन्यथा आगे और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।*

## संवाद से समाधान के तहत कार्यवाही के साथ समस्याएं भी सुलझाईं

# फर्जी केसीसी बनाने वाले संस्था प्रभारी को निलंबित करने निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जनसुनवाई की तर्ज पर हर मंगलवार जिले में संवाद से समाधान कार्यक्रम शुरू किया गया। जिसके तहत शिकायकर्ता एवं संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को आमने-सामने बैठाकर समस्या का समाधान करवाते हुए दोषियों पर कार्यवाही भी की जाती है।

इसी कड़ी में शिकायतकर्ता महेश यादव ने बताया कि उनके भाई बद्रीलाल के नाम पर समिति सेकट्री द्वारा फर्जी केसीसी बनाकर डेढ़ लाख रुपए कीमती खाद निकाला गया है। तहसील से नोटिस आने पर उन्हें इस बारे में पता लग पाया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित संस्था प्रभारी शिवनारायण यादव के वेतन से वसूली करने एवं निलंबित करने के निर्देश प्रदान किए गए। एक शिकायत में आमलाबे के भगवान पंवार ने बताया कि उन्होंने सहकारी समिति में नकद राशि जमा की लेकिन उन्हें वह राशि नहीं लौटाई जा रही है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित समिति को नोटिस जारी कर संस्था प्रभारी की एक वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश प्रदान किए।

### संस्था प्रभारी के वेतन से की जाएगी वसूली

शिकायतकर्ता कमल परिहार ने बताया गया कि सहकारी समिति भोजपुर में किसान बनेसिंह को खाद नहीं मिल पा रहा है क्योंकि आवेदक के खाते से किसी दूसरे को खाद बेच दिया गया है। खाद न लेने के बावजूद उनके नाम से खाद का परमिट काट दिया गया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित संस्था से वसूली की जांच के निर्देश देते हुए तत्कालीन संस्था प्रभारी बद्रीलाल दांगी से 24 हजार 840 रूपये की वूसली करने के निर्देश दिए।

## पेंशनर डे का आयोजन आज, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगेगा

**नरसिंहगढ़।** शहर में बुधवार को पेंशनर डे मनाया जाएगा। इस अवसर पर पेंशनरों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस मौके प्रातः 11 बजे से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कर्मचारी भवन, रामलला मंदिर के सामने लगाया जाएगा, जिसमें पेंशनर अपने स्वास्थ्य की जांच करा सकेंगे।

## अस्पताल परिसर से महत्वपूर्ण रिकॉर्ड चोरी, अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज

**नरसिंहगढ़।** सिविल अस्पताल परिसर से महत्वपूर्ण कार्यालयीन रिकॉर्ड चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में थाना नरसिंहगढ़ में अपराध क्रमांक 672/25 के तहत धारा 303(2) बीएनएस एवं 379 आईपीसी में अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। फरियादी गजेंद्र सोनी (39), पिता बाबू सोनी, निवासी शहीद कॉलोनी ब्यावरा ने पुलिस को बताया कि दिनांक 08 अक्टूबर 2025 को सुबह 11 बजे से लेकर 16 अक्टूबर 2025 को दोपहर 2 बजे के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने अस्पताल परिसर स्थित एक कमरे में रखे भुगतान पत्रक, कैश बुक, स्टॉक रजिस्टर सहित अन्य पुराने महत्वपूर्ण रिकॉर्ड चोरी कर लिए। घटना की रिपोर्ट 13 दिसंबर को थाना नरसिंहगढ़ में दर्ज कराई गई।

## आमजनों की समस्याओं पर प्रशासन सख्त

# जनसुनवाई में अनुपस्थित 7 अफसरों पर लगाया 3-3 हजार रु. का जुर्माना

**राजगढ़।** जिले के विभिन्न ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों सहित विभिन्न अंचलों के आमजनों की समस्याओं को मौके पर सुलझाने एवं त्वरित निराकरण में कुछ विभागों के आलाधिकारी दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। कई बार तो जिला स्तरीय जनसुनवाई में विभाग प्रमुख औपचारिकता निभाते हुए स्वयं के स्थान पर विभाग के लिपिक या अन्य किसी कर्मचारी को भेज दिया करते हैं। ऐसे में आवेदकों एवं शिकायतकर्ताओं की समस्याओं त्वरित निराकरण नहीं हो पाता।

विभिन्न विभाग प्रमुखों द्वारा जिला स्तरीय जनसुनवाई की लगातार इस तरह अनदेखी पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सात विभाग प्रमुखों पर 3-3 हजार रुपए का जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही की है। इसके साथ ही सभी को तल्ख निर्देश प्रसारित किए गए हैं कि वे हर मंगलवार की जनसुनवाई अनिवार्यतः स्वयं उपस्थित रहे।



### इन अधिकारियों पर लगाया गया जुर्माना

*कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जनसुनवाई में अनुपस्थित जिन अधिकारियों पर जुर्माना लगाया है। पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री आरएल रैकवार, जिला रोजगार अधिकारी एनवी संतोष कुमार, लीड बैंक मेनेजर सुखबीर सिंह, जिला आयुष अधिकारी आरएन गर्ग, जिला खाद्य अधिकारी अजीत सिंह, जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र वैश्य एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के कार्यपालन यंत्री बसंत सूर्यवंशी शामिल हैं।*

## महिला मोर्चा में सुनीता विश्वकर्मा प्रदेश संगठन महामंत्री नियुक्त



**ब्यावरा।** समाज सेवा एवं संगठनात्मक कार्यों में लगातार सक्रियता से कार्य करने वाली वाली ब्यावरा जिला राजगढ़ की सामाजिक कार्यकर्ता सुनीता विश्वकर्मा को विश्वकर्मा महापंचायत संगठन मध्यप्रदेश महिला मोर्चा के भोपाल संभाग में प्रदेश संगठन महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति से समाज में हर्ष है। समाज के ईस्ट मित्रों, सहयोगियों और गणमान्यजनों ने सुनीता विश्वकर्मा को बधाइयां देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त की हैं। नव नियुक्ति पर सुनीता विश्वकर्मा ने कहा कि संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम नारायणजी विश्वकर्मा, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष परमानंद विश्वकर्मा, महिला प्रदेशअध्यक्ष माधवी विश्वकर्मा ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है।

## बाल मेले से बच्चों को मिलते हैं उद्यमिता के शुरुआती पाठ : तहसीलदार



**सारंगपुर।** मेले का नाम सुनते ही मन प्रफुल्लित हो जाता है। बाल मेले से बच्चों में आपसी सहयोग, उत्साह और आत्मविश्वास की भावना विकसित होती है। जब बच्चे मेले में स्वयं स्टॉल लगाकर अपनी बनाई वस्तुएं बेचते हैं, तो उन्हें कमाई का अनुभव होता है और यहीं से वे उद्यमिता के शुरुआती पाठ सीखते हैं। बाल मेला बच्चों को आत्मनिर्भर, रचनात्मक और मिलनसार बनाता है। उक्त उद्गार आकाश शर्मा, तहसीलदार सारंगपुर ने स्थानीय शास्त्री स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर में वार्षिक शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित बाल मेले के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रबंधक रमेश चंद्र जोशी ने की। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा मेले में लगाए गए प्रत्येक स्टॉल का अवलोकन किया गया। इस बाल मेले में बच्चों द्वारा कुल 35 स्टॉल लगाए गए थे। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्या सुमन जोशी सहित वरिष्ठ शिक्षक आनंद जोशी, संतोष जैन, केसरिमल टेलर, आनंद उपाध्याय, शैलेन्द्र जोशी, कृष्णाकांत बामनिया, रविंद्र जोशी एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

## शासकीय अध्यापक संगठन के बैनर तले पहुंचे पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के नवीन शिक्षक संवर्ग की विभिन्न समस्याओं व मांगों को लेकर शासकीय शिक्षक संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार शाम डीईओ दफ्तर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिला शिक्षाधिकारी की अनुपस्थिति में जिला क्रीडाधिकारी महेंद्र परमार को सौंपे गए इस ज्ञापन में मांग रखी गई कि नवीन शिक्षक संवर्ग ऐसे शिक्षकों जिन्हें सेवारत रहते 12 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं उनके प्रथम क्रमोन्नति आदेश जल्द जारी किए जाए। इसके साथ ही जिन माध्यमिक शिक्षकों को सेवारत रहते हुए 24 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं उनके द्वितीय क्रमोन्नति वेतनमान आदेश की जिला स्तरीय प्रक्रिया पूर्ण कर जेडी कार्यालय भिजवाई जाए। इसके साथ ही जिले में अनेकों शिक्षकों के डीए एवं एरियर राशि का अविलंब भुगतान करवाया जाए।



ज्ञापन के अवसर पर संगठन जिलाध्यक्ष भगवान सिह राणावत, ब्लॉक अध्यक्ष मनोज शर्मा, मनोहर सिंह परमार, अशोक शर्मा, सुल्तान सिंह सौलंकी, रामबाबू राव, शाहिद खान, चंपालाल दांगी, सत्यनारायण लोधा, रामबाबू गुर्जर, नरसिंह तोमर, रमेशंच्रद कारपेंटर, बालचंद दांगी, देवेंद्र सिंह परमार, मांगीलाल तंवर, श्यामलाल दांगी, महेंद्र डोढ़, घीसालाल चौहान सहित अन्य उपस्थित थे।

## कला व विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

मंगलवार को नगर के जोसफ कान्वेंट स्कूल में आयोजित विद्यालय स्तरीय कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच देखने को मिली। कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक कला कृतियाँ और उपयोगी विज्ञान प्रोजेक्ट तैयार कर प्रदर्शित किए, जिन्हें देखकर अभिभावक और नागरिक खासे प्रभावित नजर आए। प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थियों ने स्वयं अपने-अपने प्रोजेक्ट की कार्यप्रणाली और उद्देश्य को सरल भाषा में समझाया। विज्ञान प्रोजेक्ट्स में पर्यावरण संरक्षण, जल बचाव, नवीकरणीय ऊर्जा, स्मार्ट मॉडल सहित कई नवाचारी विचार प्रस्तुत किए गए, वहीं कला अनुभाग में चित्रकला, हस्तशिल्प और रचनात्मक मॉडल आकर्षण का केंद्र बने रहे।

## जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा है, तब-तब भगवान ने अवतार लेकर धर्म की रक्षा की है : कथा व्यास



**खुजनेर।** खाटू श्याम मंदिर खुजनेर धाम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भक्ति, श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास बाल संत पंडित वेद प्रकाश शास्त्री द्वारा प्रस्तुत श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनते ही संपूर्ण पांडाल भक्तिरस में डूब गया। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण का दिव्य वर्णन प्रारंभ हुआ। वातावरण नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोषों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की आंखें भक्तिरस से छलक उठीं और सभी भक्त भाव-विभोर होकर भजन-कीर्तन में झूमने लगे। फूलों की वर्षा के बीच बाल गोपाल के जन्म का उत्सव अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कथा व्यास पंडित वेद प्रकाश शास्त्री ने श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग के माध्यम से बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा है, तब-तब भगवान ने अवतार लेकर धर्म की रक्षा की है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि मानव जीवन को दिशा देने वाला दिव्य संदेश है। श्रीकृष्ण के चरित्र से प्रेम, करुणा, सेवा, त्याग और कर्तव्य का मार्ग प्रशस्त होता है।

## हमें बेवजह घमंड नहीं करना चाहिए : पं. नागर



**जीरापुर।** हमें बेवजह घमंड नहीं करना चाहिए। क्योंकि प्रभु की इच्छा के बिना एक पत्ता नहीं हिल सकता। शिव महापुराण कथा में पंडित ललित नागर सेंधवा वाले ने कहते हुए बताया कि रचा है सृष्टि को जिस प्रभु ने वह जो चाहेगा वह होगा और घमंड यदि करना ही तो शिव को एक लोटा जल और एक बिल पत्र चढ़ाने का करें। जीवन में कुछ ऐसा करके जाए कि कृष्ण राम भी आपका इंतजार करें क्योंकि यह दुनिया तो सिर्फ सुखी समय में साथ दिखने वाली है जब आपका समय कष्ट प्रद है तो आपसे कोई पूछने वाला नहीं है और दुःखी समय में सहयोग कोई नहीं करेगा।

## बंसल कॉलेज का विजिट किया



**लखनवास।** लखनवास संकुल के पीएमश्री शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में अध्ध्यनरत साइंस के विद्यार्थियों की विज्ञान के क्षेत्र में रुचि एवं खोज की दृष्टि से भोपाल बंसल कालेज ऑफ साइंस की विजिट कराई गई जिससे विधार्थियों को कुछ नया सीखने ओर देखने का अवसर प्राप्त हुआ। कालेज की विजिट से शिक्षकों और विधार्थियों में उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ संस्था के संकुल प्राचार्य केवलसिंह भिलाला के द्वारा विद्यालय के सम्पूर्ण विकास के लिए नित नए प्रयोग और अवसर विधार्थियों को उपलब्ध करवाने में कोई कमी महसूस नही होने दी जाती है। उनका एक ही लक्ष्य विधार्थीयो और विद्यालय का विकास के लिए कार्य करते रहने में पूरी ऊर्जा उत्साह और उमंग के साथ कार्य किया जाता है प्रत्येक विधार्थी को अवसर प्रदान करना ग्रामीण क्षेत्र में सराहनीय कार्य है।

## चौबीस घंटों में अलग-अलग रूप में करवटें बदल रहा तापमान

# मौसमः तड़के कोहरा, दिन में धूप तो रातें कंपा रही हाड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले का तापमान बीते कई दिनों से लगातार करवटें बदल रहा है। बीते दो दिनों से सुबह-सुबह घने कोहरे, दिन के समय धूप और रात के समय भीषण सर्दी ने लोगों को हलाकान कर रखा है। सुबह का आलम तो यह है कि तड़के 5 बजे से 7 बजे तक जहां पूरे क्षेत्र में घना कोहरा छाता देखा जा रहा है तो पूरे दिन तीखी धूप का मजा लोग ले रहे हैं। वहीं, रात्रि के समय भीषण सर्दी लोगों के हाड़ कंपा रही है। शाम 5-6 बजे के आसपास धूप छटते ही कड़ाके की ठंड का सामना लोगों का करना पड़ रहा है। दिन के चैबीस घंटों में मौसम के ये अलग-अलग मिजाज लोगों को राहत के साथ-साथ परेशानियों में भी डाल रहे हैं। हालांकि, बीते एक हफ्ते की बात करें तो जिले का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही बना हुआ है।

### गौसवक जलवा रहे अलाव, पर नपा भूली

रात्रि के समय पड़ रही भीषण सर्दी के चलते नगर के गौसेवकों द्वारा गौवंश को सर्दी से बचाने नगर सहयोग से विभिन्न स्थानों पर अलावों जलवा रहे हैं। लेकिन, अगर बात नगर पालिका की करें तो सार्वजनिक स्थलों जैसे अस्पताल, बस स्टैंड, मुख्य चौराहों इत्यादि स्थानों पर नपा ने अभी तक अलाव जलवाना शुरू नहीं करवाया है।

### 7 दिनों में जिले का न्यूनतम तापमान

(तापमान डिग्री, सेल्सियस में)

| दिनांक | तापमान |
|---|---|
| 16 दिसंबर | 5.0 |
| 15 दिसंबर | 5.4 |
| 14 दिसंबर | 5.6 |
| 13 दिसंबर | 5.6 |
| 12 दिसंबर | 5.2 |
| 11 दिसंबर | 5.0 |
| 10 दिसंबर | 5.2 |

# शास. महाविद्यालय में विजय दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

शासकीय महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विजय दिवस मनाया गया। जहां पर प्राचार्य प्रो पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार की अध्यक्षता में विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ वंदना चुटैल ने भारतीय सेना के अदम्य शौर्य का वर्णन किया। 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान वीर सेनानियों के द्वारा बांग्लादेश को बचाया। डॉ सचिन शर्मा एवं अनुपम आचार्य के द्वारा छात्र छात्राओं को देश की रक्षा हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ ओम गुप्ता, डॉ कमल अहिरवार, डॉ रश्मि सोनी, डॉ महेश नरवरिया, प्रो कनिज अंसारी, राजेन्द्र कुमार शर्मा, रोहित मालवीय, केतन गुप्ता एवं समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन दिनेश दांगी के द्वारा एवं आभार कपिल वैष्णव ने माना।